हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान



अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

09 पीएम आवास की राशि लेने के बाद निर्माण नहीं कराने ...



10 कोलियारी-अछोटा होते हुए मथुराडीह चौक तक ...



## खबर संक्षेप

### एल्डरमैनों को आज कलेक्टर दिलाएंगे शपथ

**धमतरी।** नगर निगम के सभागार में आज सोमवार को एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। शासन द्वारा अशोक सिन्हा, प्राची सोनी, रितिका यादव, अरविंदर मुंडी, सीमा चौबे, दिलीप पटेल, विजय सिंह ठाकुर एवं भागवत यादव को एल्डरमैन बनाया गया है। नियुक्ति के बाद नगर पालिका निगम अधिनियम की धारा 1956 के तहत इन्हें शपथ लेना आवश्यक है। आज 13 जुलाई को शाम 4 बजे एल्डरमैनों को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा शपथ दिलाई जायेगी। समारोह में महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशल्या देवांगन समेत पार्षदगण मौजूद रहेंगे।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में 13 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी, फार्मासिस्ट असिस्टेंट, सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, असिस्टेंट सुपरवाईजर, मार्केटिंग एक्जीकेटिव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के कुल 182 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### बारिश के लिए बना सिस्टम वर्षा की गतिविधियों में आएगी तीव्रता

**धमतरी।** जुलाई माह के पहले सप्ताह में झमाझम बारिश के बाद मानसून शांत हो गया है। मौसम विभाग से राहत भरी खबर है कि



13 जुलाई से प्रदेश में मानसून गतिविधियों में वृद्धि होगी। एक नया सिस्टम सक्रिय होने के कारण उत्तरी छग और अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम सूत्रों के अनुसार बिहार और उसके आसपास में एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा बना हुआ है। उत्तरप्रदेश के पूर्वी हिस्सों में एक और सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन मौजूद है। इन दोनों चक्रवात के कारण मानसूनी ट्रफ लाइन की स्थिति में बदलाव आ रहा है। यह ट्रफ लाइन बंगाल की खाड़ी से भारी मात्रा में नमी और नम हवाओं को छत्तीसगढ़ और मध्य भारत की तरफ धकेल रहा है। इसके प्रभाव से 13 जुलाई से राज्य में मौसम का मिजाज बदल रहा है और मानसून को नई रफ्तार मिल रही है। मौसम विभाग के बुलेटिन के मुताबिक 14 जुलाई से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधयां बढ़ेंगी। कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

# कुत्तों से बचकर सूखे कुएं में गिरा तेंदुआ, सीढ़ियां चढ़कर निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन परिक्षेत्र नगरी अंतर्गत ग्राम मोहमल्ला में रविवार को एक तेंदुआ खुले सूखे कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र नगरी, सांकरा एवं बिरगुड़ी के वन अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और योजनाबद्ध तरीके से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीम ने कुएं में मजबूत सीढ़ी लगाई, जिसकी सहायता से तेंदुआ स्वयं ऊपर चढ़कर सुरक्षित बाहर निकल गया और जंगल की ओर चला गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार सुबह गांव के समीप तेंदुआ दिखाई दिया। इसी दौरान गांव के कुछ कुत्तों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जान बचाने के प्रयास में तेंदुआ तेजी से भागा, लेकिन किसान भगतूराम गोंड़ के खेत के पास झाड़ियों से घिरे खुले सूखे कुएं का अंदाजा नहीं लगा सका और उसमें गिर गया। ग्रामीणों ने जब कुएं में तेंदुए को देखा तो तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रेजर, डिप्टी रेंजर, बीड गार्ड, वन कर्मचारी रेस्क्यू सामग्री के साथ घटनास्थल पहुंचे। सबसे पहले पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर लोगों को कुएं से सुरक्षित दूरी पर रखा गया। तेंदुए के कुएं में गिरने की खबर फैलते ही मोहमल्ला सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंच गए।

## ग्राम मोहमल्ला में वन विभाग ने सीढ़ी लगाकर कराया सुरक्षित रेस्क्यू

### सीढ़ी के सहारे खुद चढ़कर निकला बाहर

*वन अधिकारियों ने परिस्थितियों का आकलन करने के बाद तेंदुए को बिना बेहोशी की दवा दिए प्राकृतिक तरीके से बाहर निकालने का निर्णय लिया। कुएं के भीतर मजबूत सीढ़ी लगाई गई। कुछ समय तक शांत रहने के बाद तेंदुए ने स्वयं सीढ़ी पर चढ़ना शुरू किया और सुरक्षित बाहर निकलकर तेजी से निकटवर्ती जंगल की ओर चला गया रेस्क्यू अभियान के दौरान वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से डटे रहे।*




### शिकार की तलाश में गांव पहुंचा

*वन विभाग के एसडीओ संजू ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार तेंदुआ भोजन या शिकार की तलाश में गांव के समीप पहुंचा होगा। कुत्तों के पीछा करने के दौरान घबराहट में वह खुले सूखे कुएं में गिर गया। तेंदुए के सुरक्षित रेस्क्यू और जंगल की ओर लौट जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की।*

## तस्कर, अतिक्रमणकारी, ओडिशा बार्डर सहित वन्यजीवों पर 24 घंटे रहेगी नजर

# एआई आधारित स्मार्ट सर्विलांस से होगी उदंती-सीतानदी जंगल की निगरानी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में तस्कर, शिकारी, अतिक्रमणकारियों सहित वन्यजीवों की निगरानी पी2पी तकनीक आधारित एआई स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम करेगा। यूएसटीआर में इसका ट्रायल शुरु हो गया है। आधुनिक तकनीक से जंगल की निगरानी की पहल ऐसे समय में शुरु की जा रही है, जब केंद्रीय रिजर्व बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सतत प्रयास से क्षेत्र में माओवादियों का पूर्णतः उन्मूलन हो चुका है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्यजीव संरक्षण एवं वन सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल करते हुए यूएसटीआर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम का ट्रायल प्रारंभ किया है। देशभर में वन विभागों को अग्रिम पंक्ति की कर्मचारियों की कमी और रिक्त पदों की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में एआई आधारित निगरानी प्रणाली एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करेगी। इससे गश्त में आने वाले अंतराल कम होंगे। वन कर्मचारियों की पहुंच बढ़ेगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी संभव हो सकेगी।

### देश के अन्य संरक्षित क्षेत्र के लिए मॉडल

*यूएसटीआर के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि एआई आधारित निगरानी नेटवर्क महत्वपूर्ण वन्य जीवों के गलियारों एवं संवेदनशील वनक्षेत्र के लिए एक बुद्धिमत्ता सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा। यह परियोजना मध्य भारत में एआई आधारित संरक्षण तकनीक के सबसे उन्नत अनुप्रयोगों में से एक है। यह देश के अन्य संरक्षित क्षेत्र के लिए मॉडल के रूप में उभरने की क्षमता रखती है। परियोजना अंतर्गत स्थापित किए जाने वाले प्रत्येक टावर, पी2पी कनेक्टिविटी प्रणाली एआई कैमरा, टावर संरचना एवं आवश्यक सिविल कार्यों की अनुमानित लागत 2.5 से 3 लाख रुपए होगी।*

### जंगल की रियल टाइम निगरानी

इस परियोजना अंतर्गत 70 से 80 फीट ऊंचे टावर पर पाइंट टू पाइंट माड्यूल लगाकर एवं ट्राली कैमरों का उपयोग कर रिजर्व के दूरस्थ एवं दुर्गम वनक्षेत्रों में वन्यजीवों तथा अवैध गतिविधियों की रियल टाईम निगरानी की जाएगी। यह परियोजना प्रारंभिक रुप से ओडिशा सीमा में लगे रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, रिसगांव, दक्षिण उदंती तथा पायलीखंड उत्तर उदंती रेंज में लागू की जा रही है। यह क्षेत्र घने वन, दुर्गम पहाड़ी, पठार एवं हाथियों सहित वन्यजीवों के महत्वपूर्ण आवागमन गलियारों के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध वन्यजीव व्यापार, सागौन की तस्करी तथा अतिक्रमण के लिए संवेदनशील माना जाता है।

### डिटेक्ट कर वाट्सअप में भेजेगा मैसेज

एआई आधारित कैमरे स्वचालित रूप से हाथी, बाघ, तेंदुआ एवं भालू जैसे प्रमुख वन्यजीवों की पहचान करने में सक्षम होंगे। यह प्रणाली शिकारियों, अवैध घुसपैठियों, लकड़ी तस्करों, अतिक्रमणकारियों जैसी मानव गतिविधियों का स्वतः पता लगाएगी। किसी वन्य जीव या संदिग्ध व्यक्ति की पहचान होने पर यह सिस्टम तत्काल वाट्सएप मैसेज के माध्यम से फ्रंटलाइन वन कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सूचना भेजेगा जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। यह सिस्टम पूर्णतः पोर्टेबल होगा और आवश्यकतानुसार किसी भी अन्य स्थान पर स्थापित किया जा सकेगा।

### वायरलेस संचार तकनीक से इंटरनेट कनेक्टिविटी

इस परियोजना की प्रमुख विशेषता दूरस्थ वन क्षेत्र में पाइंट टू पाइंट वायरलेस संचार तकनीक के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। इससे घने जंगलों, पहाड़ी क्षेत्रों में भी निर्बाध वीडियो स्ट्रीमिंग एवं रियल टाईम निगरानी संभव होगी जहां इंटरनेट उपलब्ध नहीं है। इसके लिए मैनपुर में उपलब्ध 4जी, 5 जी नेट को 15 से 20 किमी दूरी पर स्थित एंटी पोचिंग कैंप, चौकियों तक पहुंचाया जाएगा।

## सुपर अलनीनो का बड़ा असर मानसून के मिजाज से किसान परेशान

# पहली बोनी के बीज सड़े दूसरी बोनी भी असफल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसून के मिजाज ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। अचानक एक साथ हुई बारिश से बीज खराब हो गए हैं। कई किसानों ने दोबारा बोनी कर दी है, लेकिन बीज बिना पानी के खराब हो रहे हैं। अब तो किसानों के पास बीज भी नहीं है। उधर बोनी का समय भी निकलता जा रहा है।

सुपर अलनीनो का बड़ा प्रभाव अंचल में दिखने लगा है। मानसून शुरूआती दौर में सूखा-सूखा रहा। करीब 10 दिन पहले अंचल में इतनी बारिश हुई कि खेतों में पानी की धार चलने लगी। अब फिर से सूखा पड़ा हुआ है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खेती किसानी पर देखने को मिल रहा है। किसानों ने बारिश से पहले ही खुर्रा बोनी कर ली थी। पानी की अधिकता के चलते अधिकांश बीज सड़ गए। बीज सड़ने के डर से किसानों ने एक बार फिर खेतों में बीज का छिड़काव कर दिया है। अब खेतों में पानी नहीं है। स्थिति यह है कि बीज को चिड़िया, चूहे एवं अन्य कीट नुकसान पहुंचा रहे हैं। बारिश नहीं होने के कारण बीज खराब हो रहे हैं। किसानों की स्थिति काफी खराब हो गई है। किसान महेश मेश्राम, जीवराखन सिन्हा, रमन साहू ने बताया कि उनके खेतों में बीज खराब हो चुके हैं। बीज का पूरा स्टाक खत्म हो चुका है। ऐसे में उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है।



### रास्ता भी बंद

*लगभग सभी किसानों ने बोनी कम्पलीट कर ली है। इस स्थिति में अंदर के खेतों में ट्रैक्टर सहित अन्य भारी मशीन ले जाने के लिए रास्ता भी बंद हो चुका है। किसानों ने बताया कि सिंचाई की सुविधा तो उनके पास है। खुर्रा बोनी फेल होने के बाद कई किसान लाईचोपी पद्धति से बोनी करने की सोच रहे हैं, लेकिन जुताई मताई के लिए ट्रैक्टर का खेतों तक नहीं जा पाने से वे बोनी नहीं कर पा रहे हैं। कई किसानों ने खुर्रा बोनी के बाद दतारी से मताई कर लाईचोपी पद्धति से बोनी की है। काफी हद तक यह पद्धति सफल है।*

### खाद की समस्या

*अति वृष्टि से खेतों में धान के पौधों का घनत्व कम हो गया है। किसानों ने बताया कि ऐसे में खाद और सूक्ष्म पोषक तत्व के उपयोग से काफी हद तक धान के पौधों के कंसों में वृद्धि कर घनत्व बढ़ा सकते हैं, लेकिन किसानों को लिमिट में खाद दी गई है। ऐसी स्थिति में वे खाद का और जुगाड़ करने में जुटे हुए हैं। मार्केट से महंगे में खाद खरीद रहे हैं। वहीं कई सिंचाई सम्पन्न किसान खेतों में फिर से पानी के साथ बीज डाल रहे हैं।*

# जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, 6 जुआरी गिरफ्तार

- ताश के पत्तों पर लग रहे थे हजारों के दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुरूद थाना क्षेत्र से छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 18,300 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन और 52 पत्ती ताश सहित कुल लगभग 29,300 रुपये का मशरूका जब्त किया है।

कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बाजार स्थित सुलभ शौचालय के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और छह लोगों को रंगेहाथ जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजू साहू (25), प्रदीप सिंघा (38), करण निर्मलकर (28), अनुज शर्मा (38), सागर पुरेना (32) और सेवकराम साहू (50) के रूप में हुई है। सभी आरोपी कुरूद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18,300 रुपये नकद, 5 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 11 हजार रुपये) तथा 52 पत्ती ताश जब्त की है। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।



# भरत बने जिला देवांगन मंडल के अध्यक्ष





- युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंद्रेश और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीरा बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी जिला मंडल देवांगन के चुनाव में भरत कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी को 8 मतों से परास्त कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। युवा प्रकोष्ठ के चुनाव में इंद्रेश ने 7 मतों से जीत दर्ज की। सर्वाधिक 11 वोट से महिला प्रकोष्ठ की प्रत्याशी मीरा देवांगन ने जीत दर्ज की है।

धमतरी जिला मंडल देवांगन का चुनाव रविवार को सामाजिक व निर्वाचन नियमावली अनुसार हुआ। 11 वार्ड के कुल 22 मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में था, जिसमें से 21 मतदाताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। भरत कुमार देवांगन ने अपने प्रतिद्वंदी जगदीशचंद्र देवांगन को 8 मतों से पराजित किया। जगदीशचद्र देवांगन को कुल 7 मत पड़े जबकि भरत कुमार देवांगन को 14 मत पड़े। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के प्रत्याशी इंद्रेश देवांगन को 13 मत पड़े। उसके विपक्षी प्रत्याशी कोमल देवांगन को 8 मत पड़े। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर श्रीमती मीरा देवांगन ने कब्जा किया। उन्हें 16 मत पड़े तथा विरोधी प्रत्याशी श्रीमती खुशबू देवांगन को 5 मत पड़े। चुनाव की प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी मोहित देवांगन अधिवक्ता, सहयोग सहायक चुनाव डॉ जयलाल देवांगन, सेवानिवृत प्राचार्य बृजलाल देवांगन ने सम्पन्न कराई। शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने मे सभी 11 वार्ड के अध्यक्ष व सचिव की भूमिका रही। चुनाव सम्पन्न होने पर चुनाव अधिकारियों ने तीनों प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित अध्यक्षों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## 14 जुलाई तक श्रद्धालुओं को काढ़ा वितरण किया जाएगा

# जगदीश मंदिर में काढ़ा वितरण जारी, दूसरे दिन भी उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री जगदीश मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के अनासर काल के दौरान श्रद्धालुओं को औषधि काढ़ा प्रसाद के रूप में वितरित किया जा रहा है। रविवार को दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पात्र लेकर मंदिर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक काढ़ा ग्रहण किया। धार्मिक परंपरा के अनुसार महाप्रभु के अस्वस्थ रहने और एकांतवास के समय विशेष जड़ी-बूटियों एवं औषधि सामग्री से तैयार काढ़ा सुबह 7:30 बजे से भक्तों को प्रसाद स्वरूप दिया जाता है। जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए 14 जुलाई तक काढ़ा वितरण किया जाएगा।

काढ़ा वितरण व्यवस्था में पुजारी बालकृष्ण शर्मा, गौरव शर्मा पुजारी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण शर्मा महाराज, अनिल मित्तल, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, प्रीतेश गांधी (प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारत गुजराती समाज), संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, महेन्द्र पंडित, राजेंद्र शर्मा, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, अजीत खंडेलवाल, अनुराग महावर, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव पार्षद, राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, निशित पटेल, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, दिलीप गांधी, प्रियंक गांधी, जयेश मेहता, सुबोध ठाकुर सहित अन्य सदस्य सहयोग दे रहे हैं।







खबर संक्षेप

### भाजपा जिला व्यापारी प्रकोष्ठ गठित, व्यापारिक समस्याओं का समाधान

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कांकेर जिला व्यापारी प्रकोष्ठ के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति के अनुसार गौतम लुंकड़ को कांकेर जिला व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, जबकि नीलू तिवारी एवं विजयेन्द्र शुक्ला को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारी वर्ग और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में व्यापारी प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। साथ ही व्यापारी समाज और भाजपा संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। तीनों पदाधिकारियों को संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सामाजिक सक्रियता पर भरोसा जताया है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रोहित सलाम को ग्रामीणों ने दी विदाई

**सरोना।** ग्राम पंचायत मुड़पार दखनी में शासकीय प्राथमिक शाला के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रोहित सलाम के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। लगभग 18 वर्षों तक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवाएं देने वाले रोहित सलाम ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, शाला परिवार, महिला समूहों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। रोहित सलाम का जन्म 12 मई 1964 को ग्राम सारंडा में हुआ। उनकी पहली नियुक्ति 24 जनवरी 1984 को प्राथमिक शाला दुधावा में हुई थी।

निधन

### खिलेश्वरी साहू



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी खिलेश्वरी साहू का निधन 10 जुलाई शुक्रवार को हो गया। वे तामेश्वर साहू की धर्मपत्नी थी। अंतिम संस्कार में दौलतराम साहू, थनेश्वर, प्रियाशु, फूलसिंग, कमलेश्वर, हलेश, प्रदीप, कुमलेश, कुलदीप, तिलोक, दिनेश, बाबी, हर्ष, युगांत, कौशल, खुमेश, योगेश, विकास, भव्य शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण व आजीविका योजनाओं पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत के सभाकक्ष में सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित ग्रामीण विकास एवं आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान सीईओ श्री नाहटा ने सभी विभागों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जिपं सीईओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की, समय पर आवास निर्माण के दिए निर्देश

### समस्याओं का त्वरित निराकरण करें

सीईओ श्री नाहटा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य लंबित हैं, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण कर कार्य में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा आजीविका गतिविधियों का विस्तार करने पर विशेष जोर दिया गया।



### योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचे

उन्होंने ग्राम पंचायतों में नियमित स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया। पीएम आशा योजना एवं कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने, कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा कृषि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में संचालित आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सीईओ ने जिले में रिकॉर्ड समय में पूर्ण हो रहे आवासों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, पंचायतों तथा मैदानी अमले के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

समीक्षा बैठक में लेखाधिकारी चंदन टंडन, कार्यपालन अभियंता (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) रामनारायण राठौर, उपसंचालक पंचायत नकुल प्रसाद वर्मा, जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज ने प्रदेश में हासिल किया तृतीय स्थान

# क्यूसीआई गुणवत्ता मूल्यांकन में धमतरी का गौरव बढ़ा

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दी बधाई, गुणवत्ता, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में बताया जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और संस्थागत उत्कृष्टता के क्षेत्र में धमतरी जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया- क्यूसीआई) द्वारा छग के शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के व्यापक गुणवत्ता मूल्यांकन में भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी प्रबंधन, आधुनिक अधोसंरचना, कौशल विकास तथा विद्यार्थी-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा किए गए मूल्यांकन में संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, अधोसंरचना, रोजगार एवं नियोजन, उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग, संस्थागत प्रबंधन तथा समग्र गुणवत्ता मानकों सहित विभिन्न पहलुओं का विस्तृत परीक्षण किया गया। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान ने प्रदेश के अग्रणी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संस्थान के प्राचार्य, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि, भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक द्वारा भारतीय गुणवत्ता परिषद के मूल्यांकन में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता गुणवत्ता आधारित शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, नवाचार तथा सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला प्रशासन तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सक्षम, रोजगारोन्मुख एवं नवाचार आधारित बनाने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान करता रहेगा। हमें विश्वास है कि संस्थान भविष्य में प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

## 100 से अधिक विद्यार्थियों को मिला रोजगार, सर्वाधिक वार्षिक वेतन पैकेज 5 लाख रुपये



प्राचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 के 120 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से सभी 100 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थानों में रोजगार सुनिश्चित हुआ है, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से बेहतर समन्वय का प्रमाण है। चयनित विद्यार्थियों को न्यूनतम 1.80 लाख रुपये, औसतन 3.03 लाख रुपये तथा अधिकतम 5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज प्राप्त हुआ है। शेष विद्यार्थियों का भी चयन हो रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का चयन मारुति सुजुकी, नुवोको विस्टा, वेलस्पन (गुजरात), श्री बालाजी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (भिलाई), टाटा ईवी मोटर्स, अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स (रायपुर), फिक्सिंग डॉट (रायपुर), केसर अर्थ सॉल्यूशंस (रायपुर), डाइकिन एसी, आइकॉन सोलर (रायपुर), महेन्द्र कंस्ट्रक्शन (रायपुर) तथा रिको ऑटो इंडस्ट्री (बावल, हरियाणा) सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है।

संस्थान प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पूर्व विद्यार्थियों तथा सभी हितधारकों के सामूहिक सहयोग, समर्पण और सतत प्रयासों को दिया है। संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान एवं नवाचार, उद्योग-संस्थान समन्वय तथा बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी ने पिछले वर्षों में आधुनिक प्रयोगशालाओं के विकास, डिजिटल शिक्षण संसाधनों के विस्तार, कौशल आधारित प्रशिक्षण, उद्योगों के साथ समन्वय तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं रोजगार क्षमता के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। इसी का परिणाम है कि संस्थान गुणवत्ता के विभिन्न मानकों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए, बल्कि धमतरी जिले की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे जिले के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी तथा भविष्य में संस्थान उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा।

# मानसून सत्र में गूंजेंगी शिक्षकों की मांगें विधायक अंबिका मरकाम को सौंपा ज्ञापन

- समग्र शिक्षक फेडरेशन ने टीईटी में शिथिलता, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पुरानी पेंशन के समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक संगठन नगरी के पदाधिकारियों ने विधायक अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें आगामी मानसून सत्र में विधानसभा में प्रमुखता से उठाने की मांग की।

संगठन ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों पर विभिन्न प्रकार के आदेश थोपे जा रहे हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता पर भी जोर दिया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि नगरी विकासखंड के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में नेटवर्क की गंभीर समस्या होने के कारण कई शिक्षक समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाते, जिसके आधार पर वेतन कटौती जैसे आदेश जारी किए जा रहे हैं। संगठन ने इस व्यवस्था में व्यावहारिक सुधार करने और शिक्षकों को राहत प्रदान करने की मांग की।

ज्ञापन में टीईटी की अनिवार्यता में शिथिलता, सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित वेतन विसंगति का शीघ्र निराकरण, पूर्व सेवा की गणना करते हुए क्रमोन्नति, पदोन्नति तथा पुरानी पेंशन योजना से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। संगठन ने बताया कि इन मांगों के समर्थन में 15 जुलाई को प्रदेशव्यापी एकदिवसीय आंदोलन भी प्रस्तावित है।

विधायक अंबिका मरकाम ने संगठन की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें विधानसभा के मानसून सत्र में उठाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव किया जायेगा।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का आंदोलन तेज

- 15 जुलाई को प्रस्तावित विधानसभा घेराव की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड कुरूद की ब्लॉक स्तरीय बैठक में 15 जुलाई को रायपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में सहायक एवं समग्र शिक्षकों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने का संकल्प लिया।

बैठक के बाद फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने कुरूद विधायक के कार्यालय सहायक गेवेंद्र कामड़े को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन प्राप्त कर मांगों से विधायक को अवगत कराने और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। ज्ञापन में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते हुए समयमान एवं क्रमोन्नति का लाभ, टीईटी व विभागीय परीक्षा संबंधी व्यावहारिक समाधान, पदोन्नति में वरिष्ठता का संरक्षण, वीएसके ऐप की तकनीकी समस्याओं का निराकरण, युक्तियुक्तकरण से उत्पन्न विसंगतियों को दूर करने तथा मर्ज हुई शालाओं के प्रधानपाठकों को वित्तीय अनुदानों के व्यय में कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल किए जाने की प्रमुख मांगें रखी गईं।

फेडरेशन ने प्रदेशभर के सहायक एवं समग्र शिक्षकों से 15 जुलाई को रायपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

बैठक में प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, रामेश्वर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, सचिव हेमलाल साहू, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकर लाल मानिकपुरी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिप्रा कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मन की बात से आता है समाज में सकारात्मक परिवर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रांगण में आयोजित मन की बात कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महिला मोर्चा की मन की बात प्रभारी एवं नारायणपुर जिला प्रभारी प्रेमलता नागवंशी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक राजेश यदु के साथ नन्द नेताम, पंकज साहू, गुलजार साहू, नेहरू पटेल, प्रशांत साहू, रोशन तथा भागी पटेल सहित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने की बात कही।

# तुमड़ीबहार में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने छत्तर सिंह

- विक्रम सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय हाईस्कूल तुमड़ीबहार में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। प्रभारी प्राचार्य नंदनी ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में शासन की नियमावली का वाचन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत समिति का गठन किया गया। शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार 20 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया।



छत्तर सिंह यादव को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विक्रम सिंह नेताम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में घनाराम गौर, बीरेंद्र नागवंशी, पेमिन यादव, रमशीला यादव, संतोषी ध्रुव, देवराज ओटी, आलम सिंह नेताम, नंदेश्वरी नेताम, गोदावरी बारला (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), नरेश मांझी, प्रेमसिंह कोमर्रा, रेखा नेताम, यशोदा नागेश, देवकुमार नागेश, मानबाई नागेश, अनुसुइया बाई, पुनारद ओटी, नंदलाल नेताम सहित विभिन्न ग्रामों के प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष वोषित कौशल, दिनेश यादव, नरेश मांझी, सिरधन सोम, रूपेश नाग, बिमला ध्रुवा ने आशा व्यक्त की कि नई समिति विद्यालय के शैक्षणिक विकास, विद्यार्थियों की गुणवत्ता शिक्षा तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## चटौद में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

# मूल्यपरक एवं संस्कारवान शिक्षा की जरूरत : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम चटौद के बाजार चौक में ब्लॉकस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष गौकरण साहू व विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योति चंद्राकर नपा अध्यक्ष कुरूद, गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, जिला पंचायत सदस्य राजू सिन्हा एवं समग्र शिक्षा के अधिकारी यदुनंदन, सरपंच खेमराज साहू एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष थे। अतिथियों ने कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेश लिए नवीन छात्रों को



पुस्तक, गणवेश देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि जीवन में लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। बिना लक्ष्य के सफलता नहीं मिलेगी। आज संस्कारवान शिक्षा की जरूरत है। संस्कारहीन रावण बलशाली होते हुए भी नाश हो गए।

ज्योति चंद्राकर ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा आज की आवश्यकता है। गुरुओं का सम्मान करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

गीतेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षा रुपी धन सबसे बड़ा धन है। शिक्षा धन को कोई नहीं चुरा सकता। शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी है। बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

बीईओ राजेश बैस ने ब्लॉक स्तर पर संचालित शिक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक टेकचंद साहू ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नारायण सोनी ने दी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### गोंड़ समाज का रूढ़िगत विधियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति व सीएम को ज्ञापन

**कांकेर।** गोंड़ समाज की परंपराओं, रीति-रिवाजों और रूढ़िगत विधि के संरक्षण को लेकर गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर संभाग ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय जनजाति आयोग सहित प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है। समिति ने आरोप लगाया है कि शासन-प्रशासन और राजस्व न्यायालयों द्वारा अनुसूचित जनजातियों की पारंपरिक व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है, जिससे आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि गोंड़ समाज की विवाह, उत्तराधिकार और सामाजिक परंपराएं सदियों पुरानी हैं तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3)(क) के तहत इन्हें विधिक मान्यता प्राप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोंड़ समाज में विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होते हैं तथा कोर्ट मैरिज की कोई परंपरा नहीं है। समिति का दावा है कि अनुसूचित जनजातियों पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 स्वतः लागू नहीं होता, फिर भी प्रशासनिक स्तर पर कई मामलों में हिंदू कानूनों के आधार पर निर्णय दिए जा रहे हैं, जिससे समाज की परंपराओं का उल्लंघन हो रहा है। समिति ने आरोप लगाया कि बस्तर संभाग के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में भूमि उत्तराधिकार और नामांतरण के मामलों में कस्टमरी लॉ की अनदेखी कर हिंदू पर्सनल लॉ के अनुरूप फैसले दिए जा रहे हैं। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 1985 के उस आदेश का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के उत्तराधिकार मामलों का निराकरण उनकी स्वीय विधि के अनुसार करने की बात कही गई थी। समिति ने पेसा अधिनियम, 1996 के तहत ग्राम सभाओं को प्राप्त अधिकारों का हवाला देते हुए मांग की कि अनुसूचित जनजाति की युवतियों के कोर्ट मैरिज मामलों में ग्रामसभा की अनुशंसा, निवास प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन में ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए गोंड़ समाज की पारंपरिक व्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

### पति के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

**कांकेर।** प्रेम विवाह के बाद खुशहाल जीवन के सपने देखने वाली एक महिला ने अपने ही पति पर मारपीट, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। शिवनगर अटल आवास निवासी 22 वर्षीय उमेश्वरी यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उसने अपनी पसंद से विकेश कुमार सेठिया से विवाह किया था। दंपति का एक दो वर्षीय पुत्र भी है। विवाह के शुरुआती दिनों के बाद पारिवारिक संबंध बिगड़ने लगे और आए दिन विवाद की स्थिति बनने लगी। महिला का आरोप है कि उसका पति उसे घरेलू खर्च के लिए पर्याप्त राशि नहीं देता तथा अक्सर दूसरी शादी करने की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पति प्रतिदिन शराब के नशे में घर पहुंचता है और बिना किसी कारण अश्लील गाली-गलौज करता है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है और जान से मारने की धमकी दी जाती है।

# बाजार में बढ़े हरी सब्जियों के दाम, उपभोक्ताओं की जेब हो रही ढीली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के बाजारों में हरी सब्जियों के दाम लगातार बढ़ने लगे हैं। पिछले महीने की तुलना में इस महीने अधिकांश हरी सब्जियां 10 से 20 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। सबसे अधिक असर हरा धनिया और अदरक के दाम में देखने को मिल रहा है। हरा धनिया 300 रुपये प्रति किलो और अदरक 250 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट प्रभावित होने लगा है।

इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेता कैलाश सोनकर ने बताया कि स्थानीय बाड़ियों की आखिरी फसल की तुड़ाई पूरी हो चुकी है। अब नई बोनी का दौर शुरू हुआ है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से लगाए गए पौधे मुरझाने लगे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर कई हरी सब्जियां बड़े फार्म हाउस और बाहरी क्षेत्रों से आ रही हैं, जिन पर परिवहन खर्च बढ़ने से बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं। बाजार में भटा और टमाटर 30 रुपये, गाजर 50 रुपये, कुंदरू 50 रुपये, करेला 60 रुपये, बरबट्टी 50 रुपये, भिंडी 40 रुपये, ग्वारफली 60 रुपये, कद्दू 30 रुपये, फूलगोभी 60 रुपये, मुनगा 80 रुपये, हरी मिर्च 100 रुपये, डोड़का 30, तोरई 60 रुपये, परवल 50 रुपये, शिमला मिर्च 60 रुपये, कटहल 60 रुपये, लौकी 20 रुपये तथा मूली 20 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है।

किराना बाजार में भी कई आवश्यक वस्तुओं के दाम स्थिर बने हुए हैं। आलू 20 रुपये, प्याज 35 रुपये, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, हल्दी 200 रुपये, मिर्च 260, लहसुन 200 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये, चना दाल 80 रुपये और उड़द दाल 110 सफेद मटर 60, हरा मटर 100, खड़ा मसूर 80 रुपये प्रति किलो बिक रही है। वहीं अंडे का भाव इस सप्ताह 96 रुपये प्रति दर्जन दर्ज किया गया।

**इतवारी बाजार अपडेट : मुनगा 80, करेला 60, बरबट्टी 50, भिंडी 40 रुपए**



## नगर निगम ने जारी किया अंतिम नोटिस, सितंबर तक निर्माण शुरू नहीं होने पर होगी वसूली और कुर्की

# पीएम आवास की राशि लेने के बाद निर्माण नहीं कराने वाले 84 हितग्राहियों पर सख्ती


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत मकानों के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निगम प्रशासन ने ऐसे 84 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने आवास निर्माण के लिए पहली किस्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद वर्षों बाद भी मकान निर्माण पूरा नहीं किया या कार्य शुरू ही नहीं किया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए स्वीकृति दी गई थी। प्रारंभिक जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद हितग्राहियों के खाते में पहली किस्त की राशि जमा कराई गई। इसके बावजूद कई लाभार्थियों ने राशि का उपयोग आवास निर्माण के बजाय अन्य कार्यों में कर लिया। कुछ मामलों में हितग्राहियों द्वारा जमीन बेच देने की जानकारी भी सामने आई है, जिससे योजना का उद्देश्य प्रभावित हुआ है।

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक इन 84 हितग्राहियों को कुल लगभग 94 लाख रुपए जारी किए गए थे। बार-बार सूचना देने और समझाइश के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई दी। अब निगम प्रशासन ने अंतिम चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया है कि संबंधित हितग्राही सितंबर 2026 तक आवास निर्माण शुरू करें अथवा प्राप्त राशि वापस जमा कराएं। निर्धारित समय सीमा के बाद नियमों के तहत कुर्की और वसूली की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**लगभग 94 लाख रुपए हुए जारी**



फाइल फोटो

### लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान

दूसरी ओर ऐसे हितग्राही भी हैं जिन्होंने समय पर निर्माण कार्य पूरा कर योजना का लाभ उठाया है। निगम प्रशासन के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर मकान निर्माण पूरा करने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। जिले में कुछ हितग्राहियों को यह लाभ मिल चुका है, जबकि कई अन्य मामलों में प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी की जा रही है।

### निगम क्षेत्र में कई आवास अधूरे

नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कई आवास अधूरे पड़े हैं। कुछ लाभार्थी रोजगार की तलाश में अन्य स्थानों पर चले गए, जबकि कई ने निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया। निगम प्रशासन का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। ऐसे में योजना की राशि का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मां शीतला मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण की घोषणा



- डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रभात शाखा सोरिद में शामिल हुए महापौर रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोरिद वार्ड स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रभात शाखा का एकत्रीकरण कार्यक्रम 12 जुलाई को प्रातः 6 बजे राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं संगठनात्मक उत्साह के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह श्री साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नियमित शाखा की गतिविधियों का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति अपने समर्पण का परिचय दिया। शाखा परिसर में देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण बना रहा। स्वयंसेवकों ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। शाखा के स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने मां शीतला मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग महापौर रामू रोहरा के समक्ष रखी। महापौर ने मांग को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं का विकास नगर निगम की प्राथमिकता है।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सेवा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने का कार्य कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ समाज में एकता एवं समरसता का संदेश भी देते हैं।

## भीषण गर्मी में भी लहलहाए 500 पौधे

**मगरलोड।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना वुमन फॉर ट्री अभियान और अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भाटापारा गोठान वार्ड क्रमांक 09 के पास 500 फलदार, औषधि पौधों का रोपण जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह की देखरेख में किया गया था। स्व-सहायता समूह द्वारा 500 पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 1 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुई थी तथा भीषण गर्मी के बावजूद आज स्व- सहायता समूह के अथक परिश्रम और नगर पंचायत के सहयोग से 500 पौधे लहलहा रहे हैं। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी की अध्यक्ष लीलेश साहू ने कहा कि नगर पंचायत मगरलोड, भैंसमुंडी में अमृत 2.0 मिशन और वुमन फॉर ट्री अभियान के तहत किया गया पौधरोपण कार्य न केवल सफल रहा है, बल्कि आज एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह के अथक परिश्रम और नगर पंचायत के सक्रिय सहयोग से भीषण गर्मी के बावजूद 500 फलदार एवं औषधि पौधों का सफलतापूर्वक संरक्षण और संवर्धन वास्तव में सराहनीय है।

## इको टूरिज्म से खुलेगा रोजगार का नया द्वार



- गंगरेल बांध में हुआ रोजगार मेला एवं संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल बांध में रोजगार मेला एवं संवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगरेल बांध, मॉडमसिल्ली बांध, दुधावा बांध एवं सोंढूर बांध को रोजगार, पर्यटन, इको-टूरिज्म एवं स्वरोजगार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जनसंवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में लगभग 368 प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिनमें से 356 लोगों का पंजीयन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष डुबान संघर्ष समिति कुंवर सिंह, समाजसेविका श्रीमती हेमलता शर्मा, निखिलेश दीवान, सामाजिक प्रमुख वीरसिंह सोरी, हेमंत हिरवानी, चंदन सिंह, मोहनी साहू एवं मोहन साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने, पर्यटन विकास तथा क्षेत्र की आर्थिक प्रगति के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण योजना पर भी चर्चा हुई। गंगरेल क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन समिति के गठन का प्रारूप तैयार किया गया है। प्रस्तावित समिति पर्यटन गतिविधियों के बेहतर संचालन, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण तथा क्षेत्रवासियों को रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगी।

आयोजक खूबलाल ध्रुव ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पर्यटन आधारित विकास से स्थानीय लोगों को स्थायी रोजगार, स्वरोजगार और व्यवसाय के अवसर मिलेंगे तथा क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा।

## अंचल की खबरें

### वीरा केंद्र ने डॉक्टर एवं सीए का किया सम्मान



**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल के वीरा केंद्र द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में 1 जुलाई को डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकीय सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. यश भोमराज छाजेड़ तथा वित्तीय एवं लेखा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीए हर्ष निलेश पारख का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वीरा नीलू लुनावत, मधु बैद, अनीता कुकरेजा, शोभा बैद, अनीता लुनावत, मोना शाह, कल्पना लुनावत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महावीर इंटरनेशनल धमतरी शाखा ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य सेवा, सहायता और संस्कार की भावना को समाज में बढ़ावा देना है।

### कांग्रेस पार्षदों ने की विधायक ओंकार से मुलाकात



- विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों पर की चर्चा


**धमतरी।** नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों की मांग को लेकर विधायक ओंकार साहू से उनके रुद्री स्थित निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने वार्डों में जलभराव, सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। पार्षदों ने लंबित विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिलाने एवं आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का आग्रह किया। विधायक ओंकार साहू ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय मंत्री से चर्चा कर शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और आम जनता की समस्याओं का समाधान कराने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, रामेश्वरी, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, पार्षद प्रतिनिधि भागीरथी ध्रुव सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिरेतरा स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से भेदलाल साहू को समिति का अध्यक्ष तथा गुंजन साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। अन्य सदस्य के रूप में पदेन सचिव प्राचार्य गेवाराम नेताम, शिक्षक एवं कोषाध्यक्ष चोवाराम चंद्राकर, पंचायत प्रतिनिधि सरपंच धनेश्वरी ध्रुव, स्थानीय शिक्षाविद प्रतिनिधि नरेंद्र साहू, मनीष साहू उपसरपंच, अनुसूचित जाति वर्ग से रंजू बाई रायपुरिया, अनुसूचित जनजाति वर्ग से अमरीका ध्रुव एवं अन्य पिछड़ा वर्ग सदस्य के रूप में ढालेश्वर साहू, तेजराम साहू, तोरण साह, साधुराम साहू, महिला प्रतिनिधि के रूप में चमेली साहू, मीना साहू, तिलोचना साहू, डूमन बाई साहू, कुसुमलता तारक, कविता साहू, हमिता साहू चुने गए। पूर्व अध्यक्ष टीकाराम साहू एवं समिति सदस्यों का श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता रोहित कुमार साहूतथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता चोवाराम चंद्राकर ने किया।

### लायंस क्लब ने स्कूल में किया पौधारोपण



- 100 विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन वितरित किए

**धमतरी।** लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स आज स्कूल और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पौधरोपण एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्ष लायन शकुंतला साहू ने शिक्षा, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ सीए मनोज सोनी ने लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। लायन सीए सुरेश गोयल ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार का महत्व बताते हुए प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन वितरित किए गए। क्लब के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में पांच पौधों का रोपण किया। मौके पर सचिव लायन ज्योति लूनिया, कोषाध्यक्ष लायन अंजुला सोनी, पूर्व अध्यक्ष भूपेश भाई शाह, लक्ष्मण हिंदूजा, एसडी नानकानी, विजय अग्रवाल, मुरली अंदानी, मोहन अग्रवाल, आकाश कटारिया उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर टीआर सिन्हा ने कहा कि ऐसे सेवा एवं प्रेरणा से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जिले के युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

- लाईवलीहुड कॉलेज में 16 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के शिक्षित एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं आमधाने प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुए समझौता (एमओयू) के तहत 16 जुलाई को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रातः 11 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से जिले के इच्छुक युवाओं को प्रदेश के बाहर लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), उत्पादन, निर्माण, अवसंरचना, खुदरा (रिटेल), ई-कॉमर्स, ऑटोमोबाइल एवं वस्त्र उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थानों में उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आईटीआई तथा अन्य तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि ऐसे युवाओं का चिन्हांकन करें, जो प्रदेश के बाहर रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि संबंधित अभ्यर्थियों को उनके अभिभावकों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर रोजगार मेले में उपस्थित होना सुनिश्चित कराया जाए, ताकि उन्हें उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी, मार्गदर्शन एवं चयन प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वीडन रवाना होने से पहले भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम का सम्मान



■ धमतरी के सत्यांशु दीप गोथिया कप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**धमतरी।** नई दिल्ली स्थित स्वीडन दूतावास में स्पेशल ओलंपिक्स भारत एवं एसकेएफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप 2026 के लिए चयनित भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम का सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों का स्वागत कर उन्हें आधिकारिक जर्सी, ट्रैवल किट तथा खेल सामग्री प्रदान की गई। खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं। भारतीय टीम 11 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग के लिए रवाना हुई, जहां 18 जुलाई तक स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप 2026 में हिस्सा लेगी। टीम में छत्तीसगढ़ के धमतरी स्थित सार्थक स्कूल के खिलाड़ी सत्यांशु दीप का चयन जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। संस्था एवं शुभचिंतकों ने पूरी भारतीय टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन और देश का नाम रोशन करने की कामना की।



### 26 युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**कांकेर।** शासकीय आईटीआई बाबूकोहका चारामा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 26 छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान रक्तदान के महत्व और उससे जुड़ी भ्रांतियों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

### महिला को किया परेशान आरोपी युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** महिला सुरक्षा के प्रति शून्य सहनशीलता नीति के तहत युवती को मोबाइल पर अश्लील कॉल कर प्रताड़ित करने वाले आरोपी राजकुमार सिन्हा निवासी कोकपुर को गिरफ्तार किया है। महिला हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही महिला रक्षा टीम ने नया बस स्टैंड क्षेत्र से आरोपी को पकड़ लिया। उसके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 170, 126(2) एवं 135(3) के तहत कार्रवाई कर कार्यपालन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



### भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी रथयात्रा

**कांकेर।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर समिति राजापारा कांकेर द्वारा वर्ष 2026 की रथयात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे नेत्र उत्सव एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात 16 जुलाई को शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की रथयात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी। 24 को पुनर्यात्रा तथा 26 जुलाई को अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

# नगर पंचायत भखारा के आमातालाब में विदेशी पक्षियों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ हजारों किलोमीटर दूर उड़कर आते हैं प्रवासी पक्षी

बारिश का मौसम शुरू होते ही धमतरी जिले के भखारा में स्थित आमातालाब (खजराही) एक बार फिर विदेशी मेहमान पक्षियों की आवाज़ों से गूंज उठा है। पिछले करीब 17 साल से यह तालाब हर साल दूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा घर बना हुआ है।

हजारों किलोमीटर का लंबा सफर तय करके ये पक्षी तालाब के बीच में बने एक छोटे से टापू पर अपना डेरा जमाते हैं। चारों तरफ पानी होने के कारण यह टापू बेहद सुरक्षित है। यहां लगे बबूल के पेड़ों पर पक्षी अपने घोंसले बनाते हैं। बारिश के दिनों में ये यहां अंडे देते हैं और जब ठंड के मौसम (अक्टूबर-नवंबर) तक इनके बच्चे उड़ने लायक हो जाते हैं, तो ये वापस अपने देश लौट जाते हैं। तालाब में मिलने वाली मछलियां और कीड़े-मकोड़े इनका मुख्य भोजन हैं। सुबह-शाम इन पक्षियों का उड़ना और चहकना लोगों को बहुत आकर्षित करता है।

## पॉन्ड मैन की पहल से पर्यटन क्षेत्र बनने की उम्मीद

### खतरे में पक्षियों का घर, देखरेख की जरूरत

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब इस टापू को बचाने की सख्त जरूरत है। लगातार मिट्टी बहने से टापू छोटा होता जा रहा है और बबूल के पेड़ भी सूखकर गिर रहे हैं। साथ ही तालाब में लोगों की आवाजाही बढ़ने से पक्षियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों का मानना है कि अगर यहां नए पौधे लगाए जाएं और टापू को ठीक किया जाए, तो यह जगह पक्षी प्रेमियों के लिए एक बड़ा पर्यटन स्थल बन सकती है।



### तालाब को संवारने पहुंचे पॉन्ड मैन रामवीर तंवर

इस बीच, तालाब को नया जीवन देने की उम्मीद जागी है। पूरे देश में तालाबों को साफ और सुंदर बनाने के लिए मशहूर पॉन्ड मैन ऑफ इंडिया (रामवीर तंवर) ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने आमातालाब का दौरा किया और ड्रोन कैमरे की मदद से पूरे इलाके की जांच की। इस जांच का मकसद यह देखना था कि यहां कितने पक्षी आते हैं और पर्यावरण के लिहाज से यह जगह कितनी जरूरी है। इस तालाब को अंतरराष्ट्रीय स्तर की रामसर साइट (विशेष संरक्षित जल क्षेत्र) का दर्जा दिलाने की तैयारी चल रही है। भारत के कई राज्यों में 80 से ज्यादा तालाबों को सुधार चुके रामवीर तंवर की इस कोशिश से अब इस इलाके में पानी की बचत होगी, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## आवागमन होगा आसान, विकास को मिलेगी नई रफ्तार

# कोलियारी-अछोटा होते हुए मथुराडीह चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में फोरलेन सड़क के विस्तार की योजना को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कोलियारी-अछोटा होते हुए मथुराडीह चौक तक फोरलेन सड़क विकसित करने की तैयारी की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्रवासियों ने इसे लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

लोगों का कहना है कि वर्तमान में इस मार्ग पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कई स्थानों पर जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फोरलेन बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि गांवों का शहर से संपर्क भी पहले की तुलना में अधिक मजबूत होगा। इससे व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि बेहतर सड़क नेटवर्क निवेश और रोजगार के नए अवसर भी लेकर आएगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया था। उन्होंने सिहावा रोड फोरलेन निर्माण स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सिहावा रोड और मुजगहन रोड के फोरलेन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही कोलियारी से अछोटा होते हुए मथुराडीह चौक तक फोरलेन सड़क के विस्तार की दिशा में भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

## सिहावा रोड फोरलेन निर्माण स्थल का कलेक्टर ने किया अवलोकन



### ग्रामीण क्षेत्र का जुड़ाव शहर से मजबूत होगा

कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला है। बेहतर सड़क सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों का जुड़ाव शहर से मजबूत होगा और लोगों को परिवहन संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय में परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

### क्षेत्रवासियों ने बताया विकास का बड़ा कदम

फोरलेन विस्तार की योजना को लेकर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। कीर्तन पटेल, यशवीर देवांगन, जयराम सोनकर, पिंकू यादव और देवंत साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि जिले में सड़क संपर्क मजबूत करने के लिए एक साथ कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। रेलवे के नए रैक प्वाइंट को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली सड़क, अंबेडकर चौक से गंगरेल मार्ग तक प्रस्तावित फोरलेन, लोहरसी-आमदी मार्ग तथा रूद्री क्षेत्र की सड़क परियोजनाएं भविष्य में जिले की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देंगी। विशेष रूप से मथुराडीह तक फोरलेन सड़क का विस्तार क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों का आवागमन आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कोड़ापार हाईस्कूल में शाला विकास समिति गठित



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल कोड़ापार में शाला विकास समिति का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष लोकेश साहू एवं उपाध्यक्ष हिरमती साहू मनोनीत किए गए। इस अवसर पर सदस्यगण मीरा साहू, गायत्री साहू, पद्मनी साहू, हेमकुमारी साहू, नंदिनी साहू, उमेश धीवर, झम्मन साहू, पवन नवरंगे, दीपक बारले, हरिशंकर बारले, युवराज पाल, देवेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, सांसद प्रतिनिधि रामलाल साहू, सोसायटी अध्यक्ष जीवन साहू, सरपंच भीम साहू, सरपंच खुरसेंगा हरिशंकर साहू, तुकाराम यादव व शिक्षकगण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# दूरस्थ स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर सड़क किनारे के स्कूलों में पदस्थापना का आरोप

■ मनोज साक्षी ने शिक्षा विभाग पर लगाए गंभीर आरोप, दी आंदोलन की चेतावनी

■ बीईओ बोले : शासन के नियमों के तहत हो रही कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला शिक्षा कार्यालय में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर कर्मचारियों के निलंबन और बहाली का एक बड़ा खेल बदस्तूर जारी है। इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने जिला शिक्षा प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। श्री साक्षी ने आरोप लगाया है कि जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को जानबूझकर पहले निलंबित किया जाता है और फिर विभागीय साठगांठ के जरिए बहाली के नाम पर उन्हें मुख्य सड़क के किनारे वाले सुगम (शहरी/अर्धशहरी) स्कूलों में उपकृत कर दिया जाता है। इस मलाईदार खेल के कारण अंदरूनी क्षेत्र के गरीब और आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है, क्योंकि वहां शिक्षकों की कमी लगातार बनी हुई है।

मनोज साक्षी ने एक हालिया मामले का खुलासा करते हुए कहा कि बीते 11 जून को विभाग द्वारा एक महिला शिक्षिका को निलंबित किया गया। नियमतः पहले निलंबन का बकायदा आदेश जारी होना चाहिए था, लेकिन ऐसा न करके सीधे आरोप पत्र जारी कर दिया गया। अब विभागीय अधिकारियों द्वारा अंदर ही अंदर गुपचुप तरीके से उस महिला शिक्षिका को मुख्य सड़क के किनारे स्थित किसी सुगम स्कूल में पदस्थ करने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

शिक्षा विभाग में चल रहा यह लेनदेन और सुविधा का खेल तुरंत बंद होना चाहिए। अगर दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर सड़क किनारे के स्कूलों में उपकृत करने का यह सिलसिला नहीं थमा, तो आदिवासी कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की होगी। वहीं विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार का लेनदेन नहीं हो रहा है। शासन - प्रशासन के नियम के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है? तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740